नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर
प्रशासनिक भवन, लाइवस्टॉक फार्म, अधारताल, जबलपुर 482004 (म.प्र.), भारत
Nanaji Deshmukh Veterinary Science University
Administrative Building, Livestock Farm, Adhartal, Jabalpur 482004, (M.P.) India

Dr. Shrikant Joshi, M.V.Sc. & A.H., Ph.D.
Registrar

Ph. No.: 0761-2681760
Email: registrarndvsujbp@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

वेटेरिनरी विश्वविद्यालय में प्रशासनिक फेरबदल

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर मे प्रशासन द्वारा जारी आदेशों के अनुसार डॉ. आर.पी.एस. बघेल वर्तमान अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर को समान पद पर महू एवं डॉ. राजेश कुमार शर्मा, प्राध्यापक एवं विभाग प्रमुख को पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर का प्रभारी अधिष्ठाता नियुक्त किया गया है। डॉ. बी.सी. सरखेल के सेवानिवृत्त होने के पश्चात दिनांक 01/04/2019 से डॉ. वाय.पी. साहनी, संचालक अनुसन्धान सेवाएं, को वर्तमान पदभार के अतिरिक्त संचालक, बायोटेक्नोलॉजी सेंटर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार डॉ. मधु स्वामी, प्राध्यापक एवं विभाग प्रमुख को वर्तमान पदभार के अतिरिक्त संचालक, स्कूल ऑफ़ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ का अतिरिक्त प्रभार तत्काल प्रभाव से सौंपा गया है। डॉ. एन. के. जैन की सेवानिवृत्ति के बाद डॉ. एच. एस. सिंह, प्राध्यापक एवं विभाग प्रमुख को वर्तमान पदभार के अतिरिक्त संचालक, वेटेरिनरी पॉलिटेक्निक नियुक्त किया गया है। डॉ. सुनील नायक, प्राध्यापक एवं विभाग प्रमुख को डेयरी साइंस महाविद्यालय का विशेष कर्त्तव्य अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसके अतिरिक्त डॉ. रोहिता गुप्ता, सहायक प्राध्यापक एवं डॉ. मुकेश रायपुरिया, सहायक प्राध्यापक को जो बिना पूर्व स्वीकृति के विश्वविद्यालय की सेवाओं से दीर्घकाल से अनुपस्थित है के विरुद्ध विभागीय जांच की जा रही है।

विश्वविद्यालय निकट भविष्य में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया भी द्रुतगति से प्रारम्भ करने के लिए कृतसंकल्पित है।

08/3/19
कुलसचिव

Scanned by CamScanner